प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 16.03.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सूर्य घर––मुफ्त बिजली योजना में 1 करोड़ से अधिक घरों के पंजीकरण पर खुशी व्यक्त की, कहा ऊर्जा उत्पादन के साथ बिजली खर्च में होगी बचत।
2. मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने चाईबासा में किया डिग्री महाविद्यालय का किया उद्घाटन, कहा – राज्य सरकार आदिवासी और मूलवासियों के विकास के लिए कर रही है कार्य।
3. केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने खरसावां में जनजातीय संस्कृति और विरासत के संरक्षण और संवर्धन केंद्र का ऑनलाइन किया शिलान्यास, लोगों को आदिवासी संस्कृति को समझने का मिलेगा मौका।
4. जेपीएससी की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा कल दो पालियों में, राज्य भर में आठ सौ चौंतीस परीक्षा केंद्रों पर साढ़े तीन लाख से अधिक अभ्यर्थी होंगे शामिल।
5. रिटायर्ड आईएएस अधिकारी नवनीत कुमार सहगल को प्रसार भारती बोर्ड का चेयरमैन नियुक्त किया गया; चयन समिति की सिफ़ारिश पर राष्ट्रपति ने नियुक्ति को दी मंज़ूरी।

*******

और अब समाचार विस्तार से

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सूर्य घर––मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत एक करोड़ से अधिक घरों के पंजीकरण पर प्रसन्नता व्यक्त की है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत देश के सभी हिस्सों से पंजीकरण हो रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि असम, बिहार, गुजरात, महाराष्ट्र, ओडिशा, तमिलनाडु और उत्तरप्रदेश में पांच लाख से अधिक घरों के पंजीकरण किए गए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुफ्त बिजली योजना से ऊर्जा उत्पाादन सुनिश्चित होने के साथ घरों के बिजली खर्च में भी व्यापक कटौती होगी। उन्होंने कहा कि यह पहल एक बेहतर धरती के लिए पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली को व्यापक रूप से बढ़ावा मिलेगा। श्री मोदी ने लोगों से इस योजना के तहत यथाशीघ्र पंजीकरण कराने का आग्रह किया। पंजीकरण के लिए वेबसाइट का पता है– पीएम सूर्यघर डॉट जीओवी डॉट आईएन।

*******

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने चाईबासा के टाटा कॉलेज ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि राज्य सरकार आदिवासी और मूलवासियों के विकास के लिए कार्य कर रही है। यही कारण है कि यहां के अनुकूल योजनाएं बनाई जा रही है। सामाजिक व्यवस्था मानकी मुंडा प्रथा को मजबूत करने के लिए सरकार ने मानकी मुंडा छात्रवृत्ति शुरू की है। पोटो हो के नाम से खेल के मैदान बनाए जा रहे हैं। सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों की पढ़ाई को ध्यान में रखते हुए हाट गम्हरिया और बंदगांव में डिग्री कॉलेज का शिलान्यास किया जा रहा है। उन्होंने कहा भविष्य में शहर से अच्छी शिक्षा व्यवस्था गांवों में की जाएगी। इस अवसर पर कई योजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन हुआ और परिसंपत्तियों का भी वितरण किया गया।

*******

केंद्रीय जनजातीय एवं कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने आज खरसावां के पदमपुर में जनजातीय संस्कृति और विरासत के संरक्षण और संवर्धन केंद्र का ऑनलाइन शिलान्यास किया। 10 करोड़ की लागत से जनजातीय

मंत्रालय ने इस केंद्र को स्थापना एक बहुउद्देश्यीय योजना के तहत किया है। इस केंद्र के माध्यम से लोगों को आदिवासी समाज की संस्कृति को जानने–समझने का मौका मिलेगा।

*******

निर्वाचन आयोग आज दोपहर तीन बजे लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा करेगा। यह निर्णय कल नई दिल्ली में आयोजित चुनाव आयोग की बैठक में लिया गया। वहीं, राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने झारखंड में लोकसभा चुनाव की तिथियों और तैयारियों से संबंधित विस्तृत जानकारी आज शाम पांच बजे देंगे।

*******

लोक सभा चुनाव 2024 की तैयारियों की समीक्षा डीजीपी अजय कुमार सिंह ने पुलिस मुख्यालय रांची में की। डीजीपी ने सभी जिलों में आपराधिक गिरोहों, उनके सदस्यों की सूची तैयार कर जल्द गिरफ्तार करने और जेल में बंद अपराधियों पर निगरानी रखने का निर्देश दिया है। चुनाव और विधि व्यवस्था को प्रभावित करने वाले उपद्रवियों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित कराने को भी कहा है। उन्होंने सोशल मीडिया सेल को कारगर बनाने का भी निर्देश दिया।

*******

प्रधानमंत्री खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में गुमला जिले के किसान तथा बेरोजगार युवक – युवतियों को उद्योग विभाग के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*******

झारखंड लोक सेवा आयोग की 11वीं, 12वीं और 13वीं सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा कल दो पालियों में होगी। साढ़े तीन लाख से अधिक अभ्यर्थियों के लिए 24 जिलों में कुल आठ सौ चौंतीस परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से दिन के 12 बजे तक और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम चार बजे तक होगी। परीक्षा को लेकर जिलों में तैयारी पूरी कर ली गई है।

*******

जेपीएससी सिविल सेवा की कल होने वाली प्रारंभिक परीक्षा को लेकर चतरा जिले में 32 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर दस हजार पांच सौ बारह  परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई है। आज सुबह 6 बजे से ही परीक्षा केंद्रों के आस पास धारा 144 लगा दी गई है।

*******

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सैन्य प्रशिक्षण के दौरान चिकित्सा आधार पर प्रशिक्षण से अमान्य किए गए कैडेटों के पुनर्स्थापन को स्वीकृति दे दी है। प्रभावित कैडेटों के माता–पिता कई दशक से पुनर्स्थापन सुविधा की मांग कर रहे थे। एक अन्य फैसले में, रक्षा मंत्री ने अवकाश–प्राप्त सैन्य कल्याण विभाग को पुनर्स्थापन महानिदेशालय की योजनाओं के लाभ देने की अनुमति भी प्रदान की है। इससे उन पांच सौ कैडेटों को मदद मिल सकेगी जिन्हें चिकित्सा आधार पर इन योजनाओं के लाभ से वंचित कर दिया गया था।

*******

प्रवर्तन निदेशालय ने बालू कारोबारी पुंज सिंह के ठिकानों परएक बार फिर से दबिश दी है। आज अहले सुबह से ही ईडी की टीम धनबाद के मेंमको मोड़ क्षेत्र स्थित कासा सोसाइटी के आवास और झरिया हेटलिबांध स्थित उनके भाई सतेन्द्र सिंह के आवास पर छापेमारी कर रही है। पुंज सिंह बिहार में चार सौ करोड़ रुपये के बालू घोटाले के आरोपित है। जिसमे ईडी ने पहले भी पुंज सिंह और इनके साथी करीबियों के यहां छापेमारी कर चुकी है। इस मामले में कुछ लोगों को गिरफ्तार भी किया गया था।

*******

उत्तर प्रदेश के पूर्व आईएएस अधिकारी नवनीत सहगल को प्रसार भारती का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। सहगल प्रसार भारती के मुखिया के रूप में तीन वर्षों तक अपना कार्यकाल संभालेंगे। चयन समिति की सिफारिश पर राष्ट्रपति ने नियुक्ति को मंजूरी दी।

*******

राज्य सरकार ने एक आईपीएस और चार डीएसपी का तबादला किया गया है। इस संबंध में गृह , कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। रांची ग्रामीण एसपी के पद पर पदस्थापित पीयूष पांडेय को जैप 10 होटवार रांची का कमांडेंट बनाया गया है। जबकि रांची ट्रैफिक एसपी सुमित अग्रवाल को रांची ग्रामीण एसपी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

*******

रांची से गोरखपुर के लिए एक नई साप्ताहिक ट्रेन चलेगी। रेल मंत्रालय ने इसकी घोषणा कर दी है। यह ट्रेन हर शुक्रवार रांची जंक्शन से शाम पांच बज कर दस मिनट पर गोरखपुर के लिए खुलेगी। वापसी में हर शनिवार दिन के तीन बज कर तीस मिनट पर गोरखपुर से रांची के लिए खुलेगी।

*******

- पलामू जिले के पांकी विधानसभा के अंतर्गत लेस्लीगंज, तरहसी व पांकी के पांच बूथों पर मॉकड्रील कर वास्तविक मतदान दिवस के दिन मतदान आवश्यक रूप से करने की अपील की गई।
- गोड्डा जिले के कृषि विज्ञान केंद्र में वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक में रांची, पटना, भागलपुर कृषि कॉलेजों के कई वैज्ञानिक भाग ले रहे हैं। किसान कृषि विज्ञान केंद्र से नैनो यूरिया एवं अन्य कम्पोस्ट बनाने की विधि और ऑर्गेनिक खाद आदि के बारे में सीख कर गांव में प्रशिक्षक बन रहे हैं।
- गिरिडीह पुलिस ने छापेमारी कर चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

*******

बिरसा हरित ग्राम योजना के लिए ग्रामीण विकास विभाग सभागार में आगामी वित्तीय वर्ष 2024– 25 के सफल क्रियान्वयन को लेकर राज्य के सभी उप विकास आयुक्तों और परियोजना पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की गयी। ग्रामीण विकास सचिव के श्रीनिवासन ने निर्देश दिया कि पंचायतवार पौधारोपण के निर्धारित लक्ष्य को निश्चित रूप से पूरा करें।

*******